NEW AL WUROOD INTERNATIONAL SCHOOL, JEDDAH, K.S.A

Affiliated to CBSE – New Delhi, Affiliation No. 5730008

TERM- 3 March, 2022-23

WORKSHEET: 1

GRADE: 7

SUBJECT: HINDI

खण्ड– क

अपठित गद्यांश

प्र-1 नीचे लिखेगद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

3 दिसंबर 1984 को भोपाल में एक फैक्ट्री से मिथाइल आइसो साइनेट नामक एक बेहद जहरीली एवं जानलेवा गैस रिसकर हवा में मिल गई। इस गैस का रिसाव इतनी जल्दी हुआ कि फैक्ट्री के आस-पास रहने वाले लोग भाग भी न सके। वैसे भी यह रात के समय हुआ था। इस जहरीली गैस की मात्रा इतनी अधिक थी कि लोगों को उसी समय साँस लेने में परेशानी होने लगी।लोगों ने वहाँ से भागना चाहा पर वे भाग न सके और असमय मौत का शिकार बन गए। लाखों लोग श्वसन तंत्र की बीमारियों का शिकार बन गए। यहाँ तक कि उस समय के बाद कुछ सालों तक अपंग बच्चे पैदा हुए या उन्हें श्वास संबंधी कई रोग हुए । पेड़ -पौधों के पत्ते काले होते गए और वे नष्ट हो गए। आज इतने सालों बाद भी लोग इन बिमारियों का परिणाम भुगत रहे हैं।

(क) लोग किस बीमारी का शिकार हो गए?

1. श्रवण संबंधी
2. नेत्र संबंधी
3. श्वसन संबंधी
4. मुख संबंधी

(ख) 1984 भोपाल की फैक्ट्री में कौन-सी दुर्घटना घटी?

(ग) लोग चाहकर भी क्यों न भाग सके?

(घ) जहरीली गैस फैलने का क्या परिणाम हुआ ?

(ड़) प्रथम पंक्ति में 'गैस' के लिए प्रयुक्त एक विशेषण लिखिए।

<u>खण्ड – ख</u>

(व्यावहारिक व्याकरण)

प्र – 2नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

क) प्राचीन ख) राजा ग) विकास घ) आरंभ ङ) वास्तविक च) खरीद

प्र – 3नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए –

क) फूल ख) प्रभात ग) पानी घ) मुक्ति ङ) गात च) आँख

प्र – 4 नीचे दिए गए शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए -

क) जाली ख) खाता ग) पत्र घ) हर ङ) बाल-

प्र- 5 नीचे दिए गए शब्दों के मूल शब्द और (उपसर्ग / प्रत्यय) शब्द छाँटकर लिखिए-

क) उपचार ख) सुलभ ग) दुर्घटना घ) अपवाद ङ) आहार च) निश्चेष्ट

छ) युगीन ज) इनसानी झ) आर्थिक ञ) सभ्यता ट) राष्ट्रीय ठ) प्रभावित

प्र-6 **नीचे दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए-**

क) सफ़र ख) खत्म ग) रोज़ घ) चीज़ ङ) कायम च) नाकाम छ) फ़ैसल

<u>खण्ड – ग</u> (पाठ्य भाग)

प्र- 7 नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए :

क) मिट्टी की पकाई हुई टिकिया मुद्रा के रूप में कहाँ इस्तेमाल होती थी ?

चीन में , मोहनजोदड़ो और हड्डापा में , एशिया में

ख) “डाईनर्स क्लब ” नामक चेंज कार्ड की शुरुआत कहाँ हुई ?

यूरोप में , अमेरिका में , स्वीडन

ग) गिल्लू का प्रिय भोजन क्या था ?

बादाम , काजू , चावल

घ) गिलहरी का छोटा-सा बच्चा निर्जीव -सा किससे चिपटा पड़ा था ?

गमले से , पेड़ से , टोकरी से

ङ) गिलहरियों के जीवन की अवधि लगभग कितनी होती है ?

तीन वर्ष , दो वर्ष , चार वर्ष

च) जापान की मुद्रा क्या है ?

येन , यूरो , डॉलर

छ) सिक्कों का प्रचलन सबसे पहले कब हुआ ?

640 ईसा पूर्व , 640 ईस्वी में , 460 ईसा पूर्व

प्र – 8 निम्नलिखित पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए :

क) मेरी अस्वस्थता में वह तकिए पर सिरहाने बैठकर अपने नन्हें-नन्हें पंजो से मेरे सिर और बालों को इतने हौले-हौले सहलाता रहता कि उसका हटना एक परिचारिक के हटने के समान लगता।

ख) प्रभात की प्रथम किरण के स्पर्श के साथ ही किसी और जीवन में जागने के लिए वह सो गया।

प्र – 9.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

क) “गिल्लू इनमें अपवाद था” – लेखिका ने ऐसा क्यों कहा ?

ख) गिल्लू की जीवन -यात्रा का अंत किस प्रकार हुआ ?

ग) लेखिका को अस्पताल में क्यों रहना पड़ा ? उन दिनों गिल्लू क्या करता था ?

घ) कई घंटे के उपचार का क्या परिणाम निकला ? तीन- चार मास में गिल्लू के शरीर पर कौन-से लक्षण उभरकर आए ?

ङ) मुद्रा के आविष्कार से क्या प्रगति हुई ?

च) सदियों तक मानव समाज की अर्थव्यवस्था किस प्रकार चलती रही ?

छ) प्रत्येक देश अपनी करेंसी क्यों रखता है ?

ज)कोयल और कौए के द्वारा कवि वृंदा क्या सिद्ध करना चाहते हैं ?

----

xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx THE END xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx